


# 500 मातृशक्तियों को सम्मानित कर किया स्वास्थ्य परीक्षण



**भारत विकास परिषद विक्रमादित्य उज्जैन, श्रीअवंतिका संस्कार परिवार के 75वें स्वास्थ्य एवं कैंसर जागरूकता शिविर में महिलाओं को दी कैंसर से बचने की टिप्स**

**नागदा। भारत विकास परिषद विक्रमादित्य उज्जैन ने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृशक्तियों का सम्मान किया। शिव-शक्ति स्वरूपा महिला सम्मेलन पटेल परिवार मांगलिया इंदौर, श्री अवंतिका संस्कार परिवार, मेडिस्टा हॉस्पिटल इंदौर, अमलतास हॉस्पिटल देवास एवं लोटस हॉस्पिटल उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. ध्वनि शर्मा- मनीष पटेल, भाविप विक्रमादित्य के संरक्षक पं.भगवान शर्मा, सतीश पटेल एवं डॉ. करण पंड्या ने बताया कि हम विगत 7 वर्षों से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाली मातृशक्तियों को सम्मानित करते आ रहे हैं।**

इसी कड़ी में इस 8वें आयोजन में 500 मातृशक्तियों को उत्कृष्ट मातृशक्ति सम्मान से सम्मानित किया। पूर्व राज्यसभा सांसद रघुनंदन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम के विशेष अतिथि हीरालाल त्रिवेदी पूर्व सूचना आयुक्त, रमेश पंड्या पूर्व एडीएम, मुकेश पंड्या पूर्व विधायक बड़नगर, मोहनलाल जोशी, बद्रीलाल रावल, नागेश्वर त्रिवेदी एवं शुभा जोशी थी। राजयोगी ब्रह्माकुमारी ऊषा दीदी के पावन सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रीति पाठक ने की।

कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए डॉ. प्रशांत पाटीदार, तनु-रुद्रेश शर्मा व डॉ. गायत्री भंडारी ने बताया कि स्थानीय औदीच्य धर्मशाला पर महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली मातृशक्तियों को अतिथियों द्वारा स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। डॉ. सुनील शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर संस्था के 75वें स्वास्थ्य शिविर में सम्पूर्ण भारत से आई सभी मातृशक्तियों की आंखों की जांच के साथ संपूर्ण स्वास्थ्य एवं रक्त परीक्षण किया गया। शिविर में मेडिस्टा हॉस्पिटल इंदौर की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेखा अग्रवाल एवं डॉ. लवेश अग्रवाल आर्थोपेडिक सर्जन द्वारा महिलाओं को कैंसर के प्रति जागरूक करने के लिए आधुनिक तकनीक व विजुअल के माध्यम से प्रस्तुति भी दी।

पटेल परिवार की वरिष्ठ सरस्वती शर्मा, रीना राकेश पटेल, रिया योगेश शर्मा,मेघचंद्र जी शर्मा, माया शर्मा, सुभाष पंड्या, विशाल त्रिवेदी, प्रहलाद उपाध्याय, डॉ. प्रदीप रावल, नीलेश मेहता, अभिषेक ठक्कर, अजय जागीरदार लाला, निर्मला रावल, महेश पटेल बघेरा, कैलाश पांडे लक्ष्मीपुरा, सुभाष शर्मा भेंसुनी, चन्दर सिंह पंड्या खण्डोदा, शैलेश दुबे, संजीव आचार्य, रूगनाथ सिंह हेमतपुरा, अतुल पंड्या, पूर्णिमा पंड्या, मंजू पंड्या, रेखा पंड्या, गरिमा द्विवेदी, कनुप्रिया उपाध्याय, चेतना शर्मा, ऋचा पाठक की सराहनीय भूमिका रही। संचालन तनु-रुद्रेश शर्मा ने किया आभार गोविन्द शर्मा ने माना।

# चांदी के रथ में निकले प्रथम तीर्थंकर प्रभु आदिनाथ, गूंजे जयकारे

**भव्य रथयात्रा निकाली, गुरुदेव ने प्रभु आदिनाथ के जीवन और उनके संदेशों पर प्रकाश डालते हुए समाजजनों को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी**




**उज्जैन।** प्रथम तीर्थंकर प्रभु आदिनाथ का जन्म कल्याणक एवं दीक्षा कल्याणक महोत्सव जैन समाज द्वारा अत्यंत उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक युवक महासंघ, उज्जैन के संयोजन में शहर में भव्य रथयात्रा निकाली गई। इसके पश्चात खाराकुआं स्थित बड़ा उपाश्रय में धर्मसभा का आयोजन हुआ और रंगमहल में समाजजनों के लिए साधर्मिक वात्सल्य रखा गया।

**इनकी पावन निश्रा में निकली रथयात्रा-** युवक महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रितेश खाबिया और शहर अध्यक्ष राहुल सर्राफ ने बताया कि रथयात्रा परम पूज्य गुरु नवरत्न कृपा प्राप्त आचार्य विश्वरत्न सागर सूरीश्वर के शिष्य, परम पूज्य गणीवर्य कीर्तिरत्नसागर आदि ठाणा की पावन निश्रा में निकाली गई। इसमें परम पूज्य साध्वी प्रियदर्शनी की शिष्या हितदर्शन एवं चारूदर्शन आदि ठाणा भी शामिल हुए। रथयात्रा श्री सिद्ध चक्र आराधना केसरियानाथ तीर्थ खाराकुआं पेढ़ी से प्रारंभ हुई और शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री विजय हीर सूरीश्वरजी बड़ा उपाश्रय पहुंची, जहां यह धर्मसभा में परिवर्तित हो गई।

**धर्म मार्ग पर चलने की मिली प्रेरणा, लाभार्थी परिवार का हुआ बहुमान-**धर्मसभा में गुरुदेव ने प्रभु आदिनाथ के जीवन और उनके संदेशों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित समाजजनों को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद बरबोटा ने दिया। जबकि राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र बाफना और राजेश पटनी ने युवक महासंघ की सामाजिक व धार्मिक भूमिका पर विस्तार से बात की। इस पावन अवसर पर रथयात्रा के लाभार्थी भैरव सिल्वर गोल्ड एंड डायमंड परिवार (लक्ष्मीदेवी अनूप कुमार-अनिल कुमार पावेचा) का विशेष रूप से बहुमान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन राकेश वनवट ने किया।

**समारोह में इनकी रही विशेष उपस्थिति**

आयोजन में जैन समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। प्रमुख रूप से जयंतीलाल जैन, नरेंद्र जैन, अजेश कोठारी, अभय जैन, अशोक कोठारी, विमल भंडारी सहित सैकड़ों की संख्या में वरिष्ठ समाजजन एवं महिला मंडल की सदस्याएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम के अंत में आभार अश्विन मेहता ने माना।



# माता पिता की सेवा से बढ़कर कोई पुनीत कार्य नहीं : पं. शर्मा

**घट्टिया। जप, तप, दान, धर्म से बढ़कर हैं माता पिता की सेवा, हमारे धार्मिक व पौराणिक ग्रंथों में कहा है कि माता पिता की सेवा करके हम सभी तीर्थों पर किए गए दान धर्म से ज्यादा प्रतिफल ईश्वर प्रदान करता है। हमारे बुजुर्गों के प्रति हमारा आचरण व व्यवहार हमारी संतान देखती है और वह उसी के अनुरूप हमें लौटाती भी है।**

उक्त उद्गार श्री चारभुजा नाथ मंदिर के पं. बनवारी लाल शर्मा ने सोलंकिया पाथी जगोटी में आयोजित भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष व्यक्त किए। आपने कहा कि भागवत कथा का श्रवण व मनन न सिर्फ हमें अपितु हमारे पूर्वजों को भी मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर करता है। बुधवार को आरती का लाभ यजमान शेर सिंह सोलंकी, ठा भगवान सिंह, नारायण सिंह सोलंकी, अजयपाल सिंह व अक्षत बना ने लिया।

# पत्रकारों को ट्राइकलर हॉस्पिटल में मिलेगी विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं : राशिद खान

**एसोसिएशन ऑफ इंडियन जर्नलिस्ट के सदस्यों को जांच, ओपीडी व उपचार में मिलेगी रियायत**



**नागदा।** एसोसिएशन ऑफ इंडियन जर्नलिस्ट (भारतीय पत्रकार संघ) के सदस्यों को अब गुजरात के वडोदरा स्थित ट्राइकलर हॉस्पिटल में विशेष स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। अस्पताल प्रबंधन द्वारा पत्रकार संघ के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर टाई-अप किया गया है, जिसके अंतर्गत पत्रकारों और उनके परिवारजनों को विभिन्न चिकित्सा सेवाओं में रियायत प्रदान की जाएगी।

वडोदरा (गुजरात) में स्थित ट्राइकलर हॉस्पिटल एक आधुनिक बहु-विशेषज्ञ (मल्टी स्पेशियलिटी) अस्पताल है, जहां विभिन्न प्रकार की बीमारियों के उपचार, जांच एवं ऑपरेशन की सुविधाएं उपलब्ध हैं। अस्पताल द्वारा पत्रकार संघ से जुड़े सदस्यों को वर्ष में एक बार नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान की जाएगी, जिसमें बीपी मॉनिटर, आरबीएस, लिपिड प्रोफाइल, ईसीजी, ईको तथा चिकित्सक परामर्श शामिल रहेगा।

इसके अतिरिक्त स्वयं भुगतान करने वाले मरीजों को अस्पताल के कुल बिल पर 10 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। वहीं भारतीय पत्रकार संघ का पहचान पत्र प्रस्तुत करने पर अन्य ओपीडी परामर्शों पर 25 प्रतिशत तथा विभिन्न जांचों पर 20 प्रतिशत तक की छूट भी उपलब्ध रहेगी। अस्पताल प्रबंधन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि पत्रकारों और उनके आश्रितों से किसी प्रकार की अग्रिम जमा राशि नहीं ली जाएगी तथा किसी प्रकार का प्रशासनिक या सेवा शुल्क भी नहीं लिया जाएगा। अस्पताल की यह सुविधाएं पत्रकारों के माता-पिता को भी उपलब्ध कराई जाएंगी, जबकि बीमा से संबंधित मामलों में संबंधित बीमा कंपनी अथवा टीपीए के नियम लागू रहेंगे।

इस उपलब्धि पर सभी पत्रकारों में हर्ष व्यक्त किया गया तथा भारतीय पत्रकार संघ के प्रति आभार व्यक्त किया गया। जानकारी एसोसिएशन ऑफ इंडियन जर्नलिस्ट के मध्य प्रदेश अध्यक्ष राशिद खान द्वारा दी गई।

## एक नजर में

### अहिरवार जाटव समाज ने फाग उत्सव मनाया



**इंदौर.** स्व. छोगालाल उस्ताद की स्मृति में अहिरवार जाटव समाज बाईसी समिति द्वारा रानीपुरा प्रांगण में रंगारंगा राई फाग उत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में आये विभिन्न राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों ने कई रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई. इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों सहित तथा समाज सेवियों व वरिष्ठ जनों का भी सम्मान किया गया. संत रविदास जाटव सेवा समिति द्वारा बाईसी पंच कमेटी के अध्यक्ष उस्ताद पृथ्वीराज पिपले को समिति अध्यक्ष सुरेश उस्ताद के द्वारा सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में राजकुमार पिपले, अनिल पिपले, सुरेश कैरो राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष भाजपा ने भी उस्ताद का सम्मान किया. केन्द्रीय समिति बाईसी पंच के तत्वाधान में रानीपुरा में स्वर्गीय छोगालाल उस्ताद साहब की स्मृति में आयेजित उक्त रंगारंग फागोत्सव में कलाकार जितेन्द्र जसोदिया और अंतराष्ट्रीय कलाकार वीरू नागोरी की प्रस्तुतियों के साथ अनेक आकर्षकप्रस्तुतियां दी गई. इस अवसर पर राजेन्द्र गोन्दले (पूर्व जज साहब), समाज सेवी गजानंद सुनहरे, गोविन्द कजरे, ख्यालीराम सुनहरे, विकास धुल धुय, कालू अहिरवार, नरेन्द्र मोर्य, राजेश मोर्य, सुमित गोन्दले, राजू वर्मा, राजू जेरिया, मुकेश कुमार अमोलिया, कन्हैया लाल ससोदिया, सचिन सुनहरे, विमला भंडारी, ओमदास लोबानीया, भानुप्रताप बड़के, पंकज गई, भारत गोन्दले, विमला सुनहरे, बाबू भाई व अन्य जय मुक्की, मोहन गोन्दले, दिनेश गोन्दले तथा लक्ष्मण अहिरवार भी उपस्थित थे.

### श्री दशा नीमा समाज का फूलडोल महोत्सव संपन्न




**इंदौर.** श्री दशा नीमा समाज द्वारा केसर बाग रोड स्थित नीमा गार्डन में रंगपंचमी पर फूलडोल महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया. यह आयोजन का 50वां वर्ष था. आयोजन में समाज की उभरती प्रतिभाओं का सम्मान एवं पुरुस्कार वितरण किया गया. आयोजन में स्थानीय के अलावा उज्जैन, झाबुआ, नलखेड़ा एवं मंदसौर के समाजजन भी उपस्थित हुए. रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और क्रिकेट के रोमांचक फाइनल मैच का संयोग होने से लोगों का उत्साह दोगुना था. इस अवसर पर समाज की ख्यात और प्रतिष्ठित महिलाओं को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया. खेल प्रेमियों के लिए मेगा स्क्रीन की विशेष व्यवस्था की गई थी, जहां सभी ने सामूहिक रूप से मैच का आनंद लिया और अपनी राष्ट्रीय भावना का परिचय दिया. श्री दशा नीमा युवा मंच के महेश नीमा (गामा), वल्लभ नीमा एवं श्रीमती ममता नीमा ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी का आभार माना, उन्होंने बताया कि यह संस्था तीर्थ दर्शन, सामूहिक विवाह जैसे बड़े आयोजन भी कर चुकी है. कार्यक्रम का संचालन जोहरी अजय नीमा ने किया

# घनश्याम पोरवाल प्रांतीय अध्यक्ष, विनोद काला महासचिव और उज्जैन के चिराग शाह बने वित्त सचिव

**भारत विकास परिषद में नई नियुक्तियां**

**उज्जैन।** भारत विकास परिषद, मध्य भारत पश्चिम प्रांत में वर्ष 2026-27 के लिए नवीन दायित्वों की घोषणा कर दी गई है। केंद्रीय एवं क्षेत्रीय नेतृत्व द्वारा मंदसौर के घनश्याम पोरवाल को प्रांतीय अध्यक्ष और विनोद काला को प्रांतीय महासचिव के पद पर पुनः जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, उज्जैन के चिराग शाह को प्रांत के वित्त सचिव का महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है।

वर्ष 1963 से देश भर में सेवा और संस्कार की गतिविधियां संचालित कर रही भारत विकास परिषद की वर्तमान में 1700 शाखाएं हैं, जिनसे 1 लाख से अधिक परिवार जुड़े हुए हैं। पर्यावरण संरक्षण, जल संचयन और पीड़ित मानवता की सेवा में यह संस्था लगातार कार्य कर रही है। बीते वर्ष संस्था ने कई बड़े कीर्तिमान स्थापित किए। पूरे प्रांत में 101 जोड़ी नेत्रदान करवाए गए, जिससे 202 नेत्रहीनों के जीवन में फिर से नया उजाला आया। प्रांत की 23 विभिन्न शाखाओं ने स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से 15,000 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण और ऑपरेशन करवाए। वहीं, शाखाओं के माध्यम से कुल 1200 यूनिट रक्तदान किया गया। संस्कार प्रकल्प के तहत स्कूली गीत प्रतियोगिता, प्रश्न मंच और गुरु-शिष्य परंपरा को पुनर्जीवित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अलावा महिला सशक्तिकरण की दिशा में स्वावलंबन शिविर लगाकर सिलाई मशीन वितरण और अन्य रोजगारोन्मुखी कार्य किए गए। नवीन दायित्व मिलने पर प्रांत अध्यक्ष घनश्याम पोरवाल, महासचिव विनोद काला और वित्त सचिव चिराग शाह ने मनोनयन के लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी शाखाओं द्वारा निरंतर किए जा रहे जमीनी सेवा कार्यों के लिए कार्यकर्ताओं को धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

**राष्ट्रीय और रीजनल स्तर पर भी मिली जिम्मेदारी**

केंद्रीय नेतृत्व ने परिषद के विस्तार और कार्यों को गति देने के लिए अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी मनोनयन किए हैं। उज्जैन के रविन्द्र सोनी को राष्ट्रीय गतिविधि सदस्य सेवा और सुनील लवंगीकर को रीजनल संगठन सचिव मनोनीत किया गया है। इसके साथ ही, जावद के प्रदीप चौपड़ा को रीजनल संयोजक संस्कार और संजय अग्रवाल को क्षेत्रीय संरक्षक का दायित्व सौंपा गया है। सभी नवीन दायित्वधारियों को परिषद के सदस्यों और ईष्ट मित्रों ने बधाई प्रेषित की है।

## अस्मिता खेल कार्यक्रम का आयोजन

**इंदौर.** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भारत सरकार की पहल 'अस्मिता' के अंतर्गत चमेली देवी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में खेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मेरा युवा भारत के उपनिदेशक, पंकज गोस्वामी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना तथा उन्हें शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करना था. इस अवसर पर जिले की बड़ी संख्या में बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम के अंतर्गत एथलेटिक्स (दौड़) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों के लिए टग ऑफ वार (रस्साकशी) तथा अन्य मनोरंजक दौड़ प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं. खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों को तीन आयु वर्गों में प्रतिस्पर्धा का अवसर प्रदान किया गया.

# सौरभ चौधरी ने कृषि नवाचार और खाद्य सुरक्षा पर रखे विचार

**वैश्विक मंच पर चमका उज्जैन का छात्र**

**उज्जैन।** नई दिल्ली के ताज पैलेस में द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित वर्ल्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट समिट 2026 का हाल ही में समापन हुआ। इस प्रतिष्ठित वैश्विक आयोजन में उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कृषि विभाग के छात्र सौरभ चौधरी ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। उन्होंने देश-विदेश के दिग्गज नीति-निर्माताओं और पर्यावरण विशेषज्ञों के सामने कृषि नवाचारों पर बेबाकी से अपनी बात रखी।

**छोटे किसानों तक तकनीक पहुंचाने पर दिया**

शिखर सम्मेलन के विशेष सत्र युवा भागीदारी और नीति नवाचार में सौरभ ने सतत कृषि (सस्टेनेबल एग्रीकल्चर) और जलवायु-लचीली (क्लाइमेट-रेसिलिएंट) खेती की आधुनिक तकनीकों पर अपने विचार साझा किए। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के शिखर सम्मेलन में गुयाना के उपराष्ट्रपति महामहिम भरत जगदेव और भारत के पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव सहित दुनिया भर के कई प्रमुख नीति-निर्माताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन इस महत्वपूर्ण संदेश के साथ हुआ कि आने वाले दशक में वैश्विक पर्यावरण स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए वित्त (फंडिंग), नवाचार (इनोवेशन) और समुदाय-आधारित कार्यों का एक मंच पर आना बेहद अनिवार्य है।

## प्रदर्शनी में बुनकर प्रदर्शित कर रहे अपना संग्रह



**इंदौर.** पारंपरिक डिजाइन जैसे गजराज, हिरन, मयूर और राजवाड़ी आकृतियां... ये केवल डिजाइन ही नहीं, भारतीय संस्कृति और शाही परंपरा के वो प्रतीक हैं, जो भारत के पश्चिमी क्षेत्र में स्थिति कच्छ के बुनकरों की कला को दिखाते हैं. कच्छ क्षेत्र की मलबरी सिल्क से बनी पारंपरिक पानेतर घरचोला साड़ी तो अपनी अलग पहचान रखती ही है.

इस साड़ी के नेचुरल कलर पर तीन बार और मनचाहा रंग करवाया जा सकता है. इसे लेकर कच्छ के अनुभवी कारीगरों के इस काम को लेकर भोला प्रधान आए हैं.बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स में चल रही फाइबर टू सिल्क फैब प्रदर्शनी में ये एक नहीं, देशभर के सौ से अधिक बुनकर के डिजाइन मौजूद है. शहर की महिलाओं के लिए नवीनतम डिजाइनों और नई वैरायटी में समर और शादियों को देखते हुए कलेक्शन लाया गया है. प्रदर्शनी 16 मार्च तक हर दिन सुबह 11 से रात 9 बजे तक बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स, जंजीरवाला चौराहा, में लगी है.

अपने अनूठे शिल्प, रंग और बारीक बुनाई के लिए दुनियाभर में मशहूर कांजीवरम की पारंपरिक साड़ियां लेकर श्री लक्ष्मी सोसायटी सोसाइटी सिल्क बंगलौर के प्रतिनिधि आए हैं. आयोजक आशीष गुप्ता ने बताया कि प्रदर्शनी में सिल्क और कॉटन साड़ी, डिजाइनर ड्रेस, कांजीवरम साड़ी, बनारसी और पटोला साड़ी, एथनिक ड्रेस के साथ सिल्क व कॉटन ड्रेस मटेरियल भी उपलब्ध हैं. इसके अलावा पंजाबी कॉटन सूट, साड़ी और बेडशीट्स की भी रेंज यहां देखने को मिल जाएगी। यहां खरीदारी करने वालों को विशेष छूट भी दी जा रही है. गर्मियों के चलते इस बार का खास आकर्षण जयपुर से आया कॉटन का मटेरियल है.

**एक नजर** | **जानी दूध से उत्पाद बनने और पैकेजिंग की पूरी प्रक्रिया**

# लोटि कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया अमूल फैक्ट्री का भ्रमण




**उज्जैन। लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य (लोटि) महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए विक्रम उद्योगपुरी स्थित अमूल पंचामृत प्लांट में एक शैक्षणिक और औद्योगिक भ्रमण (इंडस्ट्रियल विजिट) का आयोजन किया गया। इस टूर में विभिन्न संकायों के द्वितीय और तृतीय वर्ष के 60 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।**

प्राचार्य डॉ. शैलेश त्रिपाठी ने बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को औद्योगिक वातावरण, व्यावहारिक कार्यप्रणाली और नई तकनीकों से सीधे तौर पर रूबरू कराना था। विजिट के दौरान डेयरी के एचआर प्रबंधक गौरव रावत की अध्यक्षता में विशेषज्ञ टीम के सदस्य हार्दिक और प्रजापति ने विद्यार्थियों को उत्पादन, प्लांट संचालन, पैकेजिंग, मार्केटिंग, लागत और क्वालिटी कंट्रोल जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

**लाइव देखी उत्पाद निर्माण की प्रक्रिया**-संयंत्र संचालन को करीब से समझने के लिए विद्यार्थियों को प्लांट के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण कराया गया। यहां उन्होंने दूध की टेस्टिंग, पाश्चुरीकरण के साथ ही पनीर, घी, श्रीखंड, आइस्क्रीम, फ्लेवर्ड मिल्क (सुगंधित दूध) और अन्य डेयरी उत्पादों के निर्माण की पूरी प्रक्रिया को लाइव देखा। इस दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के जिज्ञासापूर्ण सवालों के संतोषजनक जवाब भी दिए।

**इनकी रही उपस्थिति**

इस सफल आयोजन पर लोकमान्य तिलक सांस्कृतिक न्यास के अध्यक्ष किशोर खंडेलवाल, सचिव विश्वनाथ सोमण और कार्यपालन अधिकारी गिरीश भालेराव ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। इस शैक्षणिक भ्रमण में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. अक्षिता तिवारी, डॉ. अंजलि शाह, डॉ. शीतल कुमार शर्मा, डॉ. मीनल वनवट और डॉ. जया परिहार भी विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहीं।